# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
नगर प्रशासन विभाग

**खुली निविदा/Open Tender**

क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 दिनांक: 26/09/2024

**विषय:- बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन**

Subject: - Installation of signage boxes/boards and advertisement on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal

बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन के लिये उपयोग हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म आदि से दो भाग प्रक्रिया (तकनीकी बिड व वाणिज्यिक बिड) के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जा रही है। तकनीकी रूप से सफल निविदाकार की ही वाणिज्यिक निविदा (बिड) खोली जाएगी। साइनेज बॉक्स/बोर्ड के स्थल, आकार, आरक्षित लाइसेंस शुल्क संबंधी विवरण, एवं नियम व शर्तें, आदि इस निविदा प्रपत्र में दिये गये है। निविदा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ निम्नानुसार है:

**दस्तावेजों के सूचकांक**


| क्र. | दस्तावेज प्रारूप | परिशिष्ट क्र. | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिशा निर्देश | परिशिष्ट 1 | 2-3 |
| 2 | आवेदन प्रपत्र | परिशिष्ट 2 | 4 |
| 3 | तकनीकी बिड | परिशिष्ट 3 | 5 |
| 4 | वाणिज्यिक बिड | परिशिष्ट 4 | 6 |
| 5 | निबंधन एवं शर्तें | परिशिष्ट 5 | 7-9 |
| 6 | DECLARATION | परिशिष्ट 6 | 10 |
| 7 | BLACKLISTING DECLARATION | परिशिष्ट 7 | 11 |
| 8 | BID FORWARDING LETTER | परिशिष्ट 8 | 12 |
| 9 | LETTER OF AUTHORISATION FOR ATTENDING BID OPENING | परिशिष्ट 9 | 13 |
| 10 | NEFT/RTGS हेतु बी.एच.ई.एल. बैंक खाते का विवरण | परिशिष्ट 10 | 14 |

परिशिष्ट 1

**खुली निविदा/Open Tender**

बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन

Installation of signage boxes/boards and advertisement on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal

क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 दिनांक: 26/09/2024

बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन (विद्युत के खंबों पर लगाए जाने वाले विज्ञापन बॉक्स) हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म आदि से दो भाग प्रक्रिया (तकनीकी बिड व वाणिज्यिक बिड) के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जा रहीं है। साइनेज बॉक्स/बोर्ड के स्थल, आकार, आरक्षित लाइसेंस शुल्क संबंधी विवरण, विद्युत खंभों की संख्या एवं नियम व शर्ते, आदि इस निविदा प्रपत्र में दिये गये है। निविदा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ निम्नानुसार है :

**तालिका क्र. 1**

| क्र. | शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का प्रकार | खुली निविदा – दो भाग (तकनीकी व वाणिज्यिक) प्रणाली में |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक एवं समय (निविदा www.bhel.com से भी निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकता है ) | दिनांक 27/09/2024 से दिनांक 23/10/2024 तक समस्त कार्य दिवस पर प्रात: 09:00 बजे से अप. 12:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु नियत स्थान | वरि. अभियंता (न.प्र.) का कार्यालय, दुकान प्रकोष्ठ, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल। दूरभास- 0755 250 3271/5645 |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य<br>(वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दशा में भी शुल्क देय होगा ) | रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) + GST @ 18%, कुल रु. 1180/- प्रति निविदा। डीडी/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/एनईएफटी के माध्यम से जमा किया जा सकता है। |
| 5 | निविदा पूर्व बैठक, शंका-समाधान, आदि का दिनांक, समय एवं स्थल | दिनांक 18/10/2024 अप. 02:30 बजे वरि. अभियंता (न.प्र.) का कार्यालय, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल।<br>दूरभास- 0755 2503271, 5645 |
| 6 | निविदा दस्तावेज़ जमा करने का अंतिम दिनांक | दिनांक 24/10/2024 अप. 2:00 बजे तक |
| 7 | तकनीकी निविदा खुलने का दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 24/10/2024 दोपहर 3.30 बजे, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल |
| 8 | धरोहर राशि जमा | निविदा (NIT) की परिशिष्ट 3 अनुसार |
| 9 | कार्य प्रारंभ करने की संभावित तिथि | लाइसेंस अनुबंध के दिनांक से |
| 10 | निविदा की वैधता | तकनीकी निविदा खुलने के दिनांक से 06 माह तक |

1. निविदाकर्ता सभी शर्तों को ध्यान पूर्वक पड़कर एवं समझ कर ही आवेदन करें।
2. निविदा दस्तावेज में छेड़छाड़, परिवर्तन या बदलाव न करें। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि निविदा दस्तावेज में छेड़छाड़, परिवर्तन या बदलाव किया गया हैं तो नियमानुसार आवश्यक लागू कार्यवाई सहित कानूनी कार्यवाई की जाएगी।
3. पूर्णत: भरी हुई एवं हस्ताक्षरित (क) तकनीकी बिड (ख) वाणिज्यिक बिड अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में रखकर लिफाफे पर मुहर/रबड़ स्टैम्प लगाकर जमा करना अनिवार्य है।

4. संबन्धित मुहरबंद लिफाफे के ऊपर तकनीकी निविदा/ वाणिज्यिक निविदा एवं निविदा क्र. लिखना आवश्यक है। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में मुहर बंद कर उसके ऊपर निविदा सूचना क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 लिखकर लिफाफे पर अपनी मुहर/रबड़ स्टैम्प लगाकर जमा करना होगा।
5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.bhel.com से डाउनलोड किये जा सकते है इस दशा में निविदा प्रपत्र शुल्क, रूपये 1000/-, GST@18%, कुल रु. **1180**/- हेतु बी.एच.ई.एल. भोपाल के नाम देय डी.डी./बैंकर चैक/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान कर विवरण प्रस्तुत करना होगा जिसे तकनीकी निविदा के साथ मुहरबंद लिफाफे में संलग्न करना होगा, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर राशि का भुगतान किये बिना प्राप्त तकनीकी निविदा अमान्य की जा सकती है।
6. निविदा दस्तावेज तकनीकी बिड, वाणिज्यिक बिड तथा निविदा के निबंधन व शर्तें, आदि यथा परिशिष्ट 1 से 9 आदि को प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर मुहर/रबर स्टांप लगाकर जमा करना होगा जिसका अभिप्राय है कि निविदा में उल्लिखित नियम व शर्तें निविदाकार को स्वीकार्य है। अहस्ताक्षरित अथवा अपूर्ण निविदा अमान्य होगी एवं उस पर विचार न करते हुए उसे अस्वीकृत किया जा सकता है। तकनीकी रूप से योग्य निविदाकार की ही वाणिज्यिक बिड खोली जाएगी।
7. वाणिज्यिक बिड में साइनेज बॉक्स/बोर्ड हेतु अधिकतम लाइसेंस शुल्क उद्धरणकर्ता (Highest Bidder/H-1) को बी.एच.ई.एल. भोपाल लोक परिसर में साईनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन करने हेतु पात्र/सफल निविदाकार माना जाएगा।
8. सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई धरोहर राशि, प्रतिभूति जमा (SD) में समायोजित किया जाएगा तथा असफल निविदाकारों की धरोहर राशि (बिना ब्याज के) वापस कर दी जाएगी, इस हेतु असफल निविदाकार को आवेदन कर रसीद की मूल प्रति प्रदान करना होगा।
9. सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई धरोहर राशि निम्नलिखित दशाओं में जब्त कर ली जाएगी:-
   9.1 अनुमति पत्र प्राप्ति से पूर्व निविदा की नियम व शर्तों से मुकरने पर।
   9.2 बी.एच.ई.एल. द्वारा जारी आशय पत्र (Letter Of Intent) की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर लाइसेंस एवं अन्य शुल्क जमा नहीं करने और/अथवा शुल्क जमा कर 07 दिनों के भीतर लाइसेंस अनुबंध निष्पादित नहीं करने पर।
10. H-1 निविदाकार द्वारा मुकरने की दशा मे यदि H-1 निविदाकार के द्वारा उद्धृत (कोटेड) राशि पर क्रमशः H-2, H-3, H-4, … निविदाकारों द्वारा विषयांतर्गत अनुमति के लिये इच्छा व्यक्त की जाती है और लिखित मे सहमति दी जाती है तो उस दशा मे निविदाकार को विषयांतर्गत अनुमति के लिये आशय पत्र जारी किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि बिना ब्याज वापस कर दी जायेगी।
11. निविदा आवेदन पत्र में लाइसेंसी द्वारा दिये पते/संपर्कसूत्र (ई-मेल, मोबाइल नंबर आदि) पर बी.एच.ई.एल. प्राधिकारी द्वारा प्रेषित किया गया कोई भी संदेश/जानकारी/सूचना मान्य होगी जैसे कि रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजी गई सूचना, ई-मेल आदि।
12. निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन (यदि कोई) की सूचना केवल वेबसाइट www.bhel.com पर ही प्रदर्शित की जाएगी।
13. निविदाकार किसी भी शंका, संशय, समाधान, आदि हेतु निविदा प्रक्रिया के दौरान तकनीकी बिड खुलने से पूर्व नगर प्रशासन विभाग में संपर्क कर सकता है। निविदाकार पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही निविदा प्रक्रिया में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।
14. निविदाकार को निविदा के सभी नियम एवं शर्तें मान्य होंगी। निविदा के किसी भी नियम व शर्तें न मानने की दशा में निविदाकार को निविदा प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपात्र घोषित कर निविदा प्रक्रिया से बाहर किया जाएगा।
15. साइनेज बॉक्स/बोर्ड (Signage Boards) का माप (लंबाई X उंचाई) 3 फिट X 4 फिट होगी जिसको विद्युत के खंभो में सतह/Ground level से 12 फिट की उंचाई पर लगाया जाना होगा। निविदाकार को लाइसेंस शुल्क का उद्धरण बॉक्स के आयाम/dimension (अपरिवर्तनीय) के आधार पर करना होगा न कि आयतन/volume के आधार पर। चूंकि लाइसेंस शुल्क विद्युत के खंभे पर लगे बॉक्स के **केवल दो मुखभाग (face)** हेतु लिया जा रहा है अत: लाइसेंसी अपनी आवश्यकतानुसार प्रति पोल बॉक्स के मुख पृष्ठ पर 3 फिट X 4 फिट (ल. X उं) के आकार के दो बोर्ड आगे-पीछे प्रयोग कर सकता है।
16. साइनेज बॉक्स/बोर्ड के आकार, स्थल, संख्या आदि संबंधी जानकारी वाणिज्यिक बिड अनुसार होगी।
17. लायसेंस अनुबंध के समय किसी कारणों से 305 विद्युत खंभों के स्थान पर कम खम्भे पाये जाते है तो उस दशा मे निविदाकार द्वारा उद्धृत लाइसेंस शुल्क समानुपतिक दर से लागू किया जायेगा। विद्युत खंभों की संख्या में अधिकतम 5% की कमी मान्य की जाएगी।
18. निविदा भरने से पूर्व निविदाकार को सूची की उपयुक्तता हेतु संबंधित क्षेत्र में स्थलों का भौतिक एवं वास्तविक निरीक्षण कर निविदा भरना होगा जिसका यह तात्पर्य होगा कि निविदाकार प्रदत्त स्थलों से संतुष्ट है।
19. निविदा संबंधी किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में अपर महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
20. यह निविदा किसी भी समय कोई भी कारण दर्शाये बिना निरस्त की जा सकती है। इस हेतु निविदकार को हुई क्षति हेतु बीएचईएल जिम्मेदार नहीं होगा, निविदकार द्वारा बीएचईएल से कोई भी क्षतिपूर्ति नहीं माँगी जायेगी और न ही बीएचईएल को पक्षकार बनाया जायेगा।

बी.एच.ई.एल. के लिए तथा उसकी ओर से

वरि. अभियंता (नगर प्रशासन)

## निविदा आवेदन प्रपत्र

प्रति,

**वरि. अभियंता (नगर प्रशासन)**
नगर प्रशासन विभाग,
सम्पदा भवन, हास्टल न. 04, पिपलानी
भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
भोपाल, म. प्र. – 462022

निविदाकार का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो

विषय: बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन हेतु आवेदन
Subject: Installation of signage boxes/boards and advertisement on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal.

---

क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 दिनांक 26/09/2024

**निविदाकार का विवरण:**

1. निविदाकार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ______________________________________________

2. निविदाकार के पिता / पति/ निदेशक (कंपनी की स्थिति में) का नाम ________________________________

3. निविदाकार की जन्म तिथि _______________ आयू____________ वर्ष

4. लिंग __________________

5. निविदाकार के कार्यालय का पूरा पता :_______________________________________________

______________________________________________________ पिन:_____________________

6. निविदाकार के निवास का पूरा पता : ___________________________________________________

___________________________________________________________________________

_____________________________________________________ पिन:_____________________

7. टेलीफोन नं. _______________ मोबाइल नं. (1)________________ मोबाइल नं. (2)_______________

8. निविदाकार द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली ई-मेल आईडी: ______________________________________

**9. निविदाकार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का विवरण, यदि कोई हो:**

10. प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम __________________________________________________

11. टेलीफोन नं. ______________ मोबाइल नं. (1)_______________ मोबाइल नं. (2)__________________

12. आईडी प्रूफ _______________________13. निविदाकार एजेंसी के साथ अनुभव ______________________

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि परिशिष्ट-4 में वर्णित स्थलों/साईट को साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने के लिए उपयुक्त पाता/पाती हूँ और पूरी तरह से स्थल की वस्तुस्थिति से अवगत एवं संतुष्ट हूँ। मुझे पूर्ण रूप से पता है कि संलग्न दस्तावेज़ में दिये गए स्थल/साइट सांकेतिक हैं जिसमें भविष्य में बी.एच.ई.एल. द्वारा किए जाने वाले परिवर्तन/उपयोग पर मुझे आपत्ति नहीं होगी।

मैंने निविदा प्रपत्र एवं उल्लेखित नियम व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ एवं समझ लिया है जो कि मुझे स्वीकार है।

दिनांक: ____________________
स्थान: ____________________

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर

# इस आवेदन पत्र को तकनीकी बिड के साथ मुख पृष्ट के रूप में रखें।

## तकनीकी बिड (Technical Bid)

## बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन की अनुमति हेतु

क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 दिनांक 26/09/2024

1. निविदाकार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ______________________________________________

2. पता :______________________________________________________________

______________________________________________________ पिन:________________

3. टेलीफोन नं. ______________ मोबाइल नं. _______________ ई-मेल आईडी: ______________________

**तकनीकी योग्यता हेतु पात्रता के मापदंड**:

**तालिका क्र. 2**

| क्र. | मापदण्ड | वांछित दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकार के पास साइनेज बॉक्स/होर्डिंग बोर्ड/यूनिपोल बोर्ड आदि के माध्यम से विज्ञापन देने संबंधी ठेके/कार्य हेतु निविदा जारी की जाने की दिनांक से एक माह पूर्व से पिछले सात वर्षों के भीतर का अनुभव होना आवश्यक है। उपर्युक्त पूर्ण किए गए ठेके/कार्य का मूल्य निम्नानुसार में से कोई एक हो:<br>(क) प्रत्येक न्यूनतम रू. 668488/- के तीन कार्य, अथवा<br>(ख) प्रत्येक न्यूनतम रू. 835610/- के दो कार्य, अथवा<br>(ग) न्यूनतम रू. 1336976/- का एक कार्य | कार्यादेश/लाइसेंस/लाइसेंस अनुबंध आदि एवं कार्य समाप्ति/पूर्णता का प्रमाण पत्र जिसमें कार्य के प्रारंभ किये जाने एवं समाप्ति की दिनांक एवं निष्पादित कार्य के मूल्य का उल्लेख हो संलग्न करें। |
| 2. | निविदाकार के द्वारा पिछले तीन वर्षों (अर्थात वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24) के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार न्यूनतम रु. 501366/- का होना चाहिए। | सहायक दस्तावेज के रूप में संबन्धित वित्तीय वर्ष हेतु प्रमाणित लेखा परीक्षा (जैसा लागू हो) प्रदान करना होगा। |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1,000/- + CGST@9% + SGST@9% (कुल रू. 1180/-) | जमा का विवरण (संलग्न करें): **अन्यथा निविदा अस्वीकार/ अमान्य कर दी जायेगी।**<br>डीडी/POS रसीद/एनईएफटी विवरण<br>.........................................दिनांक....................... |
| 4. | धरोहर राशि रू. 33424/- | जमा का विवरण (संलग्न करें): **अन्यथा निविदा अस्वीकार/ अमान्य कर दी जायेगी।**<br>डीडी/POS रसीद/एनईएफटी विवरण<br>.........................................दिनांक....................... |
| 5. | निविदाकार की स्थिति का विवरण :<br>व्यक्ति/भागीदार/ट्रस्टी/संचालक/आदि | स्थिति हेतु संबंधित दस्तावेज की छायाप्रति |
| 6. | स्थापना की पंजीयन संख्या | पंजीयन पत्र की छायाप्रति |
| 7. | निविदाकार का पेन/PAN (आयकर संबंधी) | PAN कार्ड की छायाप्रति |
| 8. | GSTN (जैसा लागू हो) | छायाप्रति |

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि वर्णित तथ्य /दस्तावेज़ मेरी जानकारी के अनुसार सत्य, सही व पूर्ण है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि अपूर्ण/असत्य जानकारी/दस्तावेज़ जमा करने पर निविदा की किसी भी स्थिति पर निविदा को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा एवं/अथवा मेरे द्वारा प्रस्तुत वाणिज्यिक निविदा पर विचार न करते हुये निविदा अमान्य कर दी जाएगी। बीएचईएल द्वारा आवश्यकता होने अथवा उपर्युक्त जानकारी/दस्तावेज से संतुष्ट न होने की दशा में वांछित दस्तावेज बिना किसी देरी के प्रस्तुत न करने पर मुझे तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किये जाने पर मुझे आपत्ति नहीं होगी।
वाणिज्यिक निविदा (परिशिष्ट-4) अलग मुहरबंद लिफाफे में रखा गया है।

दिनांक .....................................

स्थान ....................................... निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर

## वाणिज्यिक बिड (Price Bid)

## बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन हेतु

क्र. न.प्र./दु.प्र./सा.बॉक्स/2024-25 दिनांक 26/09/2024

1. निविदाकार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ______________________________________________
2. पता :______________________________________________________________

______________________________________________________ पिन:_______________

3.टेलीफोन नं. ______________ मोबाइल नं. _________________ ई-मेल आईडी: ____________________

Illuminated/Enlighten **signage boards** (Boxes) to be clamped to Electric Poles at a minimum height of 12 feet from the base of the electric poles and box size will be 3’x1.5’x4’.

| क्र. | विद्युत के खंबो की स्थिति | खंबो की संख्या | साइनेज बॉक्स/बोर्ड कोड | निविदाकार द्वारा कुल 305 विद्युत के खंबो हेतु उद्धृत लाइसेंस शुल्क (प्रथम वर्ष हेतु) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी चौराहा से कालीबाड़ी मदिर तक, अवधपुरी के तरफ जाने वाली सड़क के बाएं ओर। | 07 | BHEL/SB/305/1-7 | अंकों में : रू. _________<br>शब्दों में : रू. _________<br>_______________<br>_______________<br>_______________<br>_______________ |
| 2 | महात्मा गांधी चौराहा से श्रमिक चौराहा तक। | 15 | BHEL/SB/305/8-22 | |
| 3 | श्रमिक चौराहा से गेट नं 06 तक। | 17 | BHEL/SB/305/23-39 | |
| 4 | गेट नं 06 से केरियर कॉलेज तक। | 28 | BHEL/SB/305/40-67 | |
| 5 | केरियर कॉलेज से अन्ना नगर तक। | 13 | BHEL/SB/305/68-80 | |
| 6 | अन्ना नगर से चेक पोस्ट, चेतक ब्रिज तक। | 11 | BHEL/SB/305/81-91 | |
| 7 | कस्तूरबा चिकित्सालय से अन्ना नगर तक। | 35 | BHEL/SB/305/92-126 | |
| 8 | केरियर कॉलेज से सिक्यूरिटी लाईन चौराहा तक। | 13 | BHEL/SB/305/127-139 | |
| 9 | सिक्यूरिटी लाईन चौराहा से सद्भावना चौराहा तक। | 17 | BHEL/SB/305/140-156 | |
| 10 | सिक्यूरिटी लाईन चौराहा से आई.टी.आई तक। | 47 | BHEL/SB/305/157-203 | |
| 11 | कौशल विकास द्वार से श्रमिक चौराहा तक। | 58 | BHEL/SB/305/204-261 | |
| 12 | पिपलानी पेट्रोल पम्प से महात्मा गांधी चौराहा तक। | 44 | BHEL/SB/305/262-305 | |
| 13 | **कुल विद्युत खंभों की संख्या** | **305** | | |
| 14 | 305 विद्युत खंभों पर लगाए जाने वाले साइनेज बॉक्स/बोर्ड हेतु आरक्षित लाइसेंस शुल्क (प्रथम वर्ष हेतु) **रू. 1671220/-** | | | |

**नोट:- लायसेंस अनुबंध के समय किसी कारणों से 305 विद्युत खंभों के स्थान पर कम खंभे पाये जाते है तो उस दशा मे निविदाकार द्वारा उद्धृत लाइसेंस शुल्क समानुपतिक दर से लागू किया जायेगा। विद्युत खंभों की संख्या में अधिकतम 5% की कमी मान्य की जाएगी।**

**दिशा-निर्देश :-**

1. वाणिज्यिक बिड को सीलबंद लिफाफे में अलग से जमा करें।
2. लिफाफे के ऊपर निविदाकार का नाम, पता एवं मोबाइल नं. स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना अनिवार्य है।
3. निविदाकार द्वारा उद्धृत लाइसेंस शुल्क अंकों एवं शब्दों में लिखा होना अनिवार्य है, अंकों में एवं शब्दों में विभिन्नता की दशा में शब्दों में उद्धृत राशि मान्य की जाएगी।
4. आरक्षित लाइसेंस शुल्क से कम उद्धत राशि मान्य नहीं होगी।
5. काँट-छांट होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।
6. लाइसेंसी द्वारा कुल उद्धृत लाइसेंस शुल्क पर 18% की दर से GST अतिरिक्त देय होगा। कुल उद्धृत लाइसेंस शुल्क में कोई कर/सेस/आदि शामिल नहीं है।
7. विवाद की किसी भी दशा में अपर महाप्रबंधक (नगर प्रशासन), बी.एच.ई.एल, भोपाल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**घोषणा:-**


मैंने निविदा दस्तावेजों को ध्यान पूर्वक पढ़ और समझ लिया है एवं मुझे निविदा अंतर्गत सभी जानकारी, नियम एवं शर्ते मान्य हैं।

दिनांक ......................................

स्थान ...................................... निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर

**बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन हेतु निबंधन एवं शर्तें।**

1. बी.एच.ई.एल. लोक परिसर में वाणिज्यिक बिड (परिशिष्ट-4) के अंतर्गत दिये गये साइनेज बॉक्स/बोर्ड सूचीबद्ध स्थलों पर लगाया जा सकता हैं। सूची में दर्शाये गए स्थल एवं साइनेज बॉक्स/बोर्ड की दिशा (facing) केवल सांकेतिक है।
2. साइनेज बॉक्स/बोर्ड हेतु स्थल परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. साइनेज बॉक्स/बोर्ड (Signage Box/Board) के दो मुखभाग (face) है। आकार (लंबाई X उंचाई) 3 फिट X 4 फिट होगा जिसका प्रयोग विज्ञापन हेतु किया जाएगा। अन्य दो सतहों (चौड़ाई X उंचाई) 1.5 फिट को खाली रखा जाएगा। बॉक्स के उपरी-नीचे भाग में विद्युत के खंभे में फिटिंग हेतु खंभे की व्यास के लगभग छेद रहेंगा। चूंकि लाइसेंस शुल्क विद्युत के खंभे पर लगे बॉक्स के केवल दो मुखभाग (face) हेतु लिया जा रहा है अत: बॉक्स के दो मुखभाग (face) के स्थान पर दो बोर्ड का प्रयोग किया जा सकता है।




4. लाइसेंस अनुबंध उपरांत प्रदत्त लाइसेंस पूर्णतः अस्थाई/अहस्तांतर्णीय होगा, जिसे कंपनी की आवश्यकतानुसार निरस्त किया जा सकता है।
5. तकनीकी रूप से सफल एवं परिशिष्ट-4 में अधिकतम लाइसेंस शुल्क उद्धत करने वाले (H1) निविदाकार को तीन वर्ष के लिये लाइसेंस पर **साइनेज बॉक्स/बोर्ड की स्थापना एवं विज्ञापन का अधिकार** दिया जाएगा।
6. लाइसेंस शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :

| **क्र.** | **अवधि** | **लाइसेंस शुल्क (जीएसटी अलग से देय)** | **सूत्र** |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष (लाइसेंस अनुबंध दिनांक से एक वर्ष) | निविदाकार द्वारा उद्धत अधिकतम शुल्क (X) लाइसेंस अनुबंध निष्पादन से पूर्व जीएसटी सहित जमा करना होगा। | X + GST |
| 2 | द्वितीय वर्ष | प्रथम वर्ष की लाइसेंस शुल्क पर 5% वृद्धि के साथ द्वितीय वर्ष के प्रारंभ में जीएसटी सहित देय होगा। | Y = 1.05 * X + GST |
| 2 | तृतीय वर्ष | द्वितीय वर्ष की लाइसेंस शुल्क पर 5% वृद्धि के साथ तृतीय वर्ष के प्रारंभ में जीएसटी सहित देय होगा। | Z = 1.05 * Y + GST |

7. जी. एस. टी. @18%, प्रतिभूति जमा आदि अन्य शुल्क निविदाकार द्वारा अतिरिक्त देय होंगे।
8. सफल निविदाकार को निविदा प्रक्रिया की पूर्णता पर लाइसेंस अनुबंध निष्पादित किये जाने/ अनुमति दिये जाने हेतु नगर प्रशासन विभाग से आशय पत्र प्रेषित किया जाएगा। जिसके प्रत्युत्तर में पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर निर्धारित लाइसेंस शुल्क, जीएसटी एवं अन्य प्रभार (प्रतिभूति जमा आदि) का भुगतान बीएचईएल में करना होगा।
9. निविदाकार द्वारा राशि जमा करने से 07 दिनों के भीतर स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित होकर रू. 1000/- के नॉनज्यूडिसियल ई स्टम्प पेपर पर लाइसेंस अनुबंध निष्पादित करना होगा। अन्यथा लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया समाप्त कर धरोहर राशि जब्त की जा सकती है एवं भविष्य में एक वर्ष तक होने वाली निविदा प्रक्रियाओं में निविदाकार को शामिल नहीं किया जाएगा।
10. आशय पत्र के दिनांक से अनुबंध निष्पादित किये जाने के दिनांक के मध्य की अवधि मे निविदाकार को साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने हेतु आवश्यक तैयारी करनी होगी।
11. सफल निविदाकार द्वारा तीन वर्ष की लाइसेंस शुल्क का 5% (5 प्रतिशत) प्रतिभूति राशि (SD) के रूप में लाइसेंस अनुबंध से पूर्व जमा करना होगा। प्रतिभूति राशि बी.एच.ई.एल. भोपाल के पक्ष में डी.डी./चैक/कंपनी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित बैंको/सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी बैंक गारंटी आदि किसी भी रूप में जमा की जा सकती है। बैंक गारंटी जमा करने के लिए बी.एच.ई.एल. का अनुमोदन आवश्यक होगा। सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को आशय पत्र जारी किए जाने के पश्चात प्रतिभूति जमा (SD) में समायोजित किया जा सकता है।
12. लाइसेन्सी को परिशिष्ट-4 में वर्णित साइनेज बॉक्स/बोर्ड की संख्या, आकार एवं चिन्हित स्थलों पर ही साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने होंगे। अनुमत स्थलों/संख्या से अधिक साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने पर क्रमश: रू. 25/- प्रतिदिन प्रति साइनेज बॉक्स/बोर्ड जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। उपर्युक्त अनियमिता 7 दिनों के भीतर समाप्त नहीं किये जाने की दशा में प्रतिभूति जमा राशि को जब्त कर लाइसेंस अनुबंध रद्द किया जा सकता है।
13. साइनेज बॉक्स/बोर्ड का प्रयोग विज्ञापन हेतु दोनों पृष्ठों पर किया जा सकता है। यदि लाइसेंसी द्वारा विज्ञापन प्रदर्शन हेतु साइनेज बॉक्स/बोर्ड के किसी एक ही पृष्ठ का उपयोग किया जाता है तो लाइसेंस शुल्क में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं

की जाएगी। लाइसेंसी प्रस्तावित स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त स्थल साइनेज बॉक्स/बोर्ड हेतु उपयुक्त है। बी.एच.ई.एल. किसी भी रूप में बाध्य नहीं है कि वह लाइसेंसी के वाणिज्यिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्थल में परिवर्तन करे।

14. लाइसेंसी द्वारा साइनेज बॉक्स/बोर्ड को न लगाने अथवा प्रयोग न करने पर कोई रियायत अथवा लाइसेंस शुल्क में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।
15. साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने का कार्य लाइसेंसी स्वयं के व्यय पर करेगा। लाइसेंस की अवधि लाइसेंस अनुबंध की दिनांक से प्रारम्भ होगी जो तीन वर्ष तक वैध रहेगी। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष हेतु लाइसेंस शुक्ल वर्ष के प्रारंभ में जमा करने पर ही लाइसेंस वैध रहेगा।
16. साइनेज बॉक्स/बोर्ड के संबंध मे राज्य सरकार अथवा संबंधित संस्था/आयोग/निगम आदि द्वारा किसी भी प्रकार का कर या उगाही यदि देय है तो वह पूर्णतः लाइसेंसी की जिम्मेदारी होगी, बी.एच.ई.एल. प्रबंधन किसी स्तर पर इसके लिए उत्तरदायी नही होगा। लाइसेंस शुल्क में किसी भी प्रकार का कर सम्मिलित नही है।
17. राज्य सरकार एवं/अथवा नगर निगम द्वारा समय-समय पर पारित नियम एवं शर्ते लाइसेंसी द्वारा मान्य होंगी एवं इस संदर्भ में होने वाले खर्च का वहन लाइसेंसी को ही करना होगा।
18. साइनेज बॉक्स/बोर्ड और इसकी सहायक सामग्री तथा उसके रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी लाइसेंसी की होगी। जो साइनेज बॉक्स/बोर्ड अथवा स्लोगन बोर्ड पूर्व मे स्थापित है, तथा उनमें बी.एच.ई.एल. अथवा सम्बद्ध संस्था का संदेश है उन पर लाइसेंसी का कोई अधिकार नही होगा एवं वे यथावत बने रहेंगे।
19. लाइसेंसी को बी.एच.ई.एल. लोक परिसर में परिशिष्ट 4 अनुसार साइनेज बॉक्स/बोर्ड लगाने एवं उपयोग करने के अतिरिक्त कोई अधिकार नही होगा।
20. साइनेज बॉक्स/बोर्ड के गिरने या उसके किसी भाग या उसके किसी प्रकार संलग्न या किसी भी प्रकार के कृत्य से कोई हानी होती है तो इसकी जिम्मेदारी लाइसेंसी की होगी। लाइसेंसी को साईन बॉक्स/बोर्ड की सुरक्षा (safety) एवं स्थायीता (stability) का सम्पूर्ण ध्यान रखना होगा ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जन हानी न हो। दुर्घटना होने पर संबंधित व्यक्ति/संस्था को मुआवजा देने एवं विधिक कार्यवाही की समस्त जवाबदारी लाइसेंसी की होगी इस हेतु बी.एच.ई.एल. को पक्षकार नहीं बनाया जाएगा।
21. साइनेज बॉक्स/बोर्ड पर निम्नानुसार नकारात्मक तथा आपत्तिजनक विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी।
    (A) अश्लील (B) रंगभेदी विज्ञापन या ऐसे विज्ञापन जो जाति, समुदाय या वर्णभेद को विज्ञापित कर रहे हैं (C) मादक पदार्थों शराब सिगरेट या तंबाकू के पदार्थ को प्रोन्नत करने वाले विज्ञापन (D) महिलाओं या बच्चों के शोषण को प्रचारित करने वाले विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी (E) कामवासना को उत्तेजित कने वाले विज्ञापन (F) पशुओं के प्रति क्रूरता दर्शित करने वाले विज्ञापन (G) देशद्रोह प्रकट करने वाले विज्ञापन (H) किसी ब्रांड या व्यक्ति को कलंकित करने वाले विज्ञापन (I) किसी विधि द्वारा प्रतिबंधित विज्ञापन (J) हिंसा को महिमा मंडित करने वाले विज्ञापन (K) विध्वंसात्मक डिवाइस और विस्फोटकों को प्रदर्शित करने वाले विज्ञापन (L) कोई सईकेडलिक, लेजर या मुविंग डिस्प्ले (M) हतियारों और उससे संबंधित विज्ञापन (N) ऐसे विज्ञापन जो मानहानिकारक या व्यापारिक प्रतिस्पर्धा या विधि विरूध्द रूप से धमकाने या पीड़ित करने के संबंध में है (O) ऐसे विज्ञापन जो अश्लील हो या पोर्न प्रकृति के हो या जिसमें महिला को अशिष्ट किया जाना सम्मिलित है।
22. लाइसेंसी साइनेज बॉक्स/बोर्ड के साईज, निर्माण, उँचाई, स्थिति, स्थान और लिपी इत्यादि के बारे में कम्पनी द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों का पालन करेगा।
23. साइनेज बॉक्स/बोर्ड पर ऐसे आकारों का उपयोग नही किया जायेगा जिससे अधिकारिक यातायात चिन्हों की प्रभावशीलता भ्रमित हो। और न ही ऐसे रंग संयोजन का उपयोग किया जायेगा जिसका परिणाम त्रुटिवस अधिकारिक यातायात संकेत के रूप में निकलता हो।
24. साइनेज बॉक्स/बोर्ड पर केंद्रीय/राज्य सरकार एवं बी.एच.ई.एल. के विरुद्ध तथा किसी समुदाय/संप्रदाय को ठेस पहुचाने वाले स्लोगन/नारे/प्रचार/भाषा का उपयोग नही किया जायेगा।
25. बी.एच.ई.एल. नगर प्रशासन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा जब भी यह लाइसेंस मांगा जाए तब आपको लाइसेंस दर्शाना/प्रस्तुत करना होगा।
26. पूर्व सूचना एवं कारण बताए बगैर इस अनुमति/लाइसेंस का प्रतिसंहरण/वापस लेना बी.एच.ई.एल. प्रबंधन के विवेक पर निर्भर रहेगा। इसके अतिरिक्त बी.एच.ई.एल. प्रबंधन को यह अधिकार होगा कि वो परिशिष्ट-4 में वर्णित किसी भी स्थान पर साइनेज बॉक्स/बोर्ड हेतु अनुमति प्रदान न करे अथवा आवश्यकता पड़ने पर उस स्थान के लाइसेंस आवंटन/अनुमति को समाप्त करे।
27. लाइसेंसी को साइनेज बॉक्स/बोर्ड के समीप साफ साफाई/हरियाली/सुन्दरता बनाये रखना होगा।
28. यदि किसी कारणवश लाइसेंसी द्वारा लाइसेंस अवधि के दौरान कार्य को समाप्त/छोड/निरस्त कर दिया जाता है तो बी.एच.ई.एल. द्वारा लाइसेंस शुल्क वापिस नही किया जायेगा।
29. प्रत्येक साइनेज बॉक्स/बोर्ड के नीचे छोटे अक्षरों से विज्ञापन एजेन्सी का नाम, फोन नं., लाइसेंस संख्या, बोर्ड क्रमांक (परिशिष्ट 4 के अनुसार) लिख कर लाइसेंसदाता को लाइसेंस जारी होने की दिनांक से एक माह के भीतर लिखित रूप से बताना होगा।
30. लाइसेंस के प्रतिसंहरण होने पर या लाइसेंस की समाप्ति पर उक्त परिसर का कब्जा 7 दिन के भीतर लाइसेंसदाता को ठीक हालत में सौंप देना होगा।
31. यदि लाइसेंसी निर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त परिसर खाली नहीं करता है तो लाइसेंसदाता को लाइसेंसी के खर्चे और हर्जाने पर उसे बेदखल करने की पात्रता होगी एवं/अथवा जब तक लाइसेंसदाता को लाईसेन्सी से खाली परिसर का कब्जा प्राप्त नही

हो जाता तब तक क्षतिपूर्ति के तौर पर रू. 25/- प्रतिदिन प्रति साइनेज बॉक्स/बोर्ड की दर से अन्तःकालीन लाभ वसूल करने का अधिकार होगा।

32. साइनेज बॉक्स/बोर्ड विज्ञापन हेतु खाली होने पर बी.एच.ई.एल. के नगर प्रशासन विभाग द्वारा उसका जनहित में उपयोग किया जा सकता हैं एवं इस हेतु बी.एच.ई.एल. द्वारा कोई शुल्क नही दिया जायेगा।
33. उपर्युक्त निबंधन एवं शर्तो के उल्लंघन एवं/अथवा लाइसेंस अनुबंध के अनुपालन में अनियमिता पाए जाने पर लागू जुर्माना अधिरोपित होने पर लाइसेंसी को तत्काल प्रभाव से उल्लंघन/अनियमिता को समाप्त कर मूल अवस्था में लाकर इसकी सूचना लाइसेंसदाता को प्रदान करनी होगी। उल्लंघन की दो या उससे अधिक पुनरावृत्ति होने पर सात दिन का नोटिस देकर लाइसेंस निरस्त कर बेदखली की कार्यवाही की जा सकती है। लाइसेंस के निरस्तीकरण पर लाइसेंसी को लाइसेंस शुल्क, प्रतिभूति जमा आदि किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।
34. निबंधन एवं शर्तो के अधीन किसी भी विवाद की दशा में अपर महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) बी.एच.ई.एल. भोपाल या उनके द्वारा नामित किसी अन्य बीएचईएल अधिकारी का निर्णय लाइसेंसी पर अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
35. साइनेज बॉक्स/बोर्ड के लिए दिया गया स्थान 'लोक परिसर (अनधिकृत अधिभोगी की बेदखली) अधिनियम 1971' के अधीन है। अत: लाइसेंस निरस्तीकरण पर संपदा अधिकारी के न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया जा सकता है
36. निविदा/लाइसेंस अनुबंध से जुडे न्यायायिक प्रकरण के निराकरण हेतु स्थान भोपाल रहेगा।

दिनांक : ...........................................

स्थान : ..............................................                    निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मुहर/ सील

# DECLARATION

**To,**

**Sr. Engineer**
**Town Administration Deportment**
**Sampada Bhavan, Hostel No. 04, Piplani**
**Bharat Heavy Electricals Limited, Bhopal**

Sub: Submission of NIT for Installation of signage boxes/boards and advertisement on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal

Dear Sir,

I/We have read and examined the NIT document, terms and Conditions thereof and other documents and Rules referred in the NIT document and all other contents in the NIT document for the above subject.

I/We hereby submit our bid for as per the stated scope of work within the specified time schedule.

I/We hereby submit all the documents mentioned in the NIT.

I/We agree to keep the offer open for 180 days from the date fixed for Bid opening thereof and not to make any modifications in its terms and conditions. If, I/We withdraw my/our offer before the said period or before issue of letter of acceptance, whichever is earlier, or makes any modifications in my/our offer BHEL shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to cancel the bid. Further, if I/We fail to as per scope of work and fail to sign the License agreement within prescribed time, I/We hereby agree that the said BHEL shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to cancel the bid.

Signature of the Bidder
Seal of Bidder

Place:

Date:

# BLACKLISTING DECLARATION

[Affidavit on Non Judicial Stamp paper of Rs. 100/- duly attested by a Notary public]

As on date of submission of the proposal, the bidder should not have been blacklisted by any Government entity (Central or State Government or PSU) in India or is under a declaration of ineligibility for fraudulent or corrupt practices by any Government entity (Central or State Government or PSU) in India.

No – Blacklisting Declaration

This is to certify that ---------------------------------------------------------- (Name of the organisation), having registered office at ---------------------------------------------------------- (Address of the registered office), as on date of submission of the proposal, have not been blacklisted by any Government entity (Central or State Government or PSU) in India or is under a declaration of ineligibility for fraudulent or corrupt practices by any Government entity (Central or State Government or PSU) in India.

Signature:

Name of the Authorized Signatory:

Designation:

** No conviction certificate should be duly signed by Authorized Signatory

*Note: In case, information required by BHEL BHOPAL is not provided by the bidder in the forms/formats provided above, BHEL BHOPAL shall proceed with the evaluation based on information provided and may not request the bidder for further information. Hence, responsibility for providing information as required in the above forms lies solely with the bidders.*

# BID FORWARDING LETTER

**To,**

**Sr. Engineer**
**Town Administration Deportment**
**Sampada Bhavan, Hostel No. 04, Piplani**
**Bharat Heavy Electricals Limited, Bhopal**

Dear Sir,

1. Having examined the conditions of NIT document and specifications including addenda Nos..................... the receipt of which is hereby duly acknowledged, we, undersigned, offer our bid to take BHEL premises on License in conformity with the said conditions of contract.
2. We undertake, if our Bid is accepted, to work as per scope immediately as per terms of the Bid Document.
3. We agree to abide by this Bid for a period of 180 days from the date fixed for Bid opening and it shall remain binding upon us and may be accepted at any time before the expiration of that period.
4. Until a formal Letter of Intent of Contract is prepared and executed, this Bid together with your written acceptance thereof in your notification of award shall constitute a binding contract between us.
5. Bid submitted by us is properly sealed and prepared so as to prevent any subsequent alteration and replacement.
6. We understand that you are not bound to accept the highest or any bid, you may receive.

Dated this ___ ___ ___ ___ ___ day of ___ ___ ___ ___ ___ 20___

Name and Signature ___ ___ ___ ___ ___

In the capacity of ___ ___ ___ ___ ___

Duly authorized to sign the bid for and on behalf of ___ ___ ___ ___ ___

Witness ___ ___ ___ ___ ___

Address ___ ___ ___ ___ ___

Signature ___ ___ ___ ___ ___

# LETTER OF AUTHORISATION FOR ATTENDING BID OPENING

(To reach before bid opening)

**To,**

**Sr. Engineer**
**Town Administration Deportment**
**Sampada Bhavan, Hostel No. 04, Piplani**
**Bharat Heavy Electricals Limited, Bhopal**

Subject: Authorisation for attending bid opening on ___ ___ ___ ___ (date) in the NIT for Installation of signage boxes/boards and advertisement on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal.

Following persons are hereby authorised to attend the bid opening for the NIT mentioned above on behalf of ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ ___ (Bidder) in order of preference given below.

Order of Preference Name Specimen Signatures

I.

II.

Alternate Representative

Signatures of bidder
Or
Officer authorised to sign the bid Documents on behalf of the bidder.

Note:

1. Maximum of two representatives will be permitted to attend bid opening. In cases where it is restricted to one, first preference will be allowed. Alternate representative will be permitted when regular representatives are not able to attend.

2. Permission for entry to the hall where bids are opened may be refused in case authorisation as prescribed above is not recovered.

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल
(भारत सरकार का उपक्रम)
**Bharat Heavy Electricals Limited, Bhopal**
(A Govt. of India undertaking)
उत्कृष्टता की ओर अग्रसर
"Marching Towards Business Excellence"

TO WHOM SO EVER IS CONCERNED.

Details for receiving Bank Account for NEFT/RTGS payment.

| | | |
|---|---|---|
| 1. Name of Beneficiary | : | BHARAT HEAVY ELECTRICALS LTD. |
| 2. Name of the Bank | : | State Bank of India |
| 3. Bank of Branch Address | : | HET, Piplani, Bhopal (M.P.)-462021 |
| 4. Account No. | : | 30855948540 |
| 5. IFSC Code | : | SBIN0000519 |
| 6. MICR | : | 462002011 |
| 7. Title of Account | : | Current Account |
| 8. PAN No. | : | AAACB4146P |

Place: Bhopal

Date: 19-01-2016

19/1/16
चेतन मेहर
CHETAN MEHAR
Signature & Seal
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)
Sr. Manager (Finance)
बी.एच.ई.एल. भोपाल/ BHEL, BHOPAL

We certify that the above bank details are correct as per our record.

21.1.16
Banker Signature & Seal
S.K. JAIN
SBN-2917

भोपाल : 462022, दूरभाष : 2500100 (7 लाईन्स), फैक्स : 0755 - 2500425, तार : भारतइलेक
Bhopal : 462022, Phone : 2500100 (7 Lines), Fax : 0755 - 2500425, Gram : BHARATELEC
WEB SITE ADDRESS : www.bhelbhopal.com